# बिहार राज्य बीज निगम लिमिटेड

(बिहार सरकार का एक उपक्रम)

IS/ISO 9001:2015; IS/ISO 14001:2015; IS/ISO 37001:2016 प्रमाणित कंपनी

तृतीय तल, कृषि भवन, मीठापुर, पटना – 800001 (बिहार)

दूरभाष: 0612 2547066, वेबसाइटः brbn.bihar.gov.in ई–मेलः brbn.bih.mail@gmail.com

CIN : U01111BR1977SGC 001294

**दिनांक 04.08.2025 को बिहार राज्य बीज निगम द्वारा कृषि विभाग एवं उद्यान विभाग के वर्ष 2025–26 के विभिन्न योजनाओं हेतु विभिन्न फसलों, सब्जियों और मसालों के प्रमाणित/सत्यापित/संकर बीजों की आपूर्ति हेतु प्रकाशित निविदा सं0– Marketing-03/2025-26 में क्रय समिति के समक्ष आयोजित Pre-bid meeting की कार्यवाहीः–**

**उपस्थितिः– संचिका में संधारित**

BRBN

बिहार राज्य बीज निगम लिमिटेड

**कार्यवाहीः–**

वर्ष 2025–26 में कृषि विभाग एवं उद्यान विभाग के विभिन्न योजनाओं हेतु विभिन्न फसलों, सब्जियों और मसालों के प्रमाणित/सत्यापित/संकर बीजों की आपूर्ति हेतु प्रकाशित निविदा सं0– Marketing-03/2025-26 के आलोक में आयोजित Pre-bid meeting दिनांक 04.08.2025 को की गई। Pre-bid meeting में कुल 12 प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों के द्वारा भाग लिया गया। उपस्थित प्रतिनिधियों से प्राप्त सुझाव निम्नवत् हैः–

1. राष्ट्रीय बीज निगम लि0 (NSC) के प्रभारी विपणन द्वारा उद्यानिक सब्जी फसलों एवं मसालों में अंकित प्रभेद देने से प्रभेद को लिमिटेड कर दिया गया है, उनके द्वारा अंकित प्रभेद के स्थान पर राज्य के लिए उपयुक्त प्रभेद निविदा में अंकित किया जाना चाहिए।
2. निर्मल सीड्स के प्रतिनिधि द्वारा भी सब्जी प्रभेद में और प्रभेदों को शामिल करने का अनुरोध किया गया।
3. मे0 महालक्ष्मी सीड्स कॉरपोरेशन एवं नेकॉफ द्वारा बताया गया कि हरा मटर (मटर अगात) का मूल्य दर राज्य बीज में उत्पादन हेतु किये गये MOU से संबंधित प्रतिष्ठानों से प्राप्त किया गया था। जिसमें AP-1,AP-3 प्रभेद के प्रमाणित बीज जिसका राज्य में उत्पादन हुआ है का मूल्य दर निगम के क्रय समिति द्वारा स्वीकृत किया जा चुका है। इसलिए इसे निविदा से हटाने का अनुरोध किया गया।
4. मे0 महालक्ष्मी सीड्स कॉरपोरेशन के प्रतिनिधि द्वारा निविदा में उल्लेखित Qualifying Criteria for Technical Bid की कंडिका 6 के संदर्भ मे सरकारी एजेंन्सी के साथ किये गये काम संबंधित work order मे कोई राशि का उल्लेख नहीं है। उनके द्वारा Any work order issued by concered Govt. agency में राशि का उल्लेख करने का अनुरोध किया गया है।

**निर्णय**

क्रय समिति के सदस्यों द्वारा Pre-bid meeting में प्राप्त सुझावों के आलोक में सर्वसम्मति से विचारोपरांत निम्न निर्णय लिया गया :–

1. विभिन्न प्रतिष्ठानों से सब्जी बीज प्रभेद के संबंध में प्राप्त सुझाव के संबंध में उद्यान निदेशालय से प्राप्त सब्जी एवं मसालों के प्रभेद की उपलब्ध कराई गई सूची एवं बीज आवश्यकता के आलोक में निविदा में अन्य प्रभेद को शामिल करने के अनुरोध को अमान्य किया गया। प्रभेद के संबंध में कोई परिवर्त्तन उद्यान निदेशालय के अनुरोध पर ही किया जा सकता है। प्राप्त सुझाव से उद्यान निदेशालय को अवगत कराने का निर्णय लिया गया।

2. राज्य में बीज उत्पादन करने हेतु बिहार राज्य बीज निगम के साथ MOU करने वाले प्रतिष्ठानों से मटर अगात बीज के उपलब्धता एवं मूल्य दर प्राप्त कर प्रभेद AP-1,AP-3 के प्रमाणित बीज का मूल्य दर निगम में स्वीकृत है। स्वीकृत दर के मटर प्रभेद के बीज उद्यान निदेशालय के प्रभेद की सूची में शामिल है। इस लिए क्रय समिति द्वारा निविदा की सेक्सन 6 Proforma for financial bid के क्रम सं0 13 हरा मटर (OP) का उपलब्धता एवं मूल्य नहीं लेने का निर्णय लिया गया। तदनुसार निविदा के फसल प्रभेद की सूची के क्रम सं0 13 को विलोपित समझा जाय।
3. निविदा में ज्यादा से ज्यादा प्रतिष्ठानों को भाग लेने के उद्देश्य से Qualifying Criteria for Technical Bid की कंडिका 6 मे सरकारी एजेंन्सी के साथ किये गये काम संबंधित work order में राशि का उल्लेख नहीं किया गया है। इसे यथावत रखने का निर्णय लिया गया।

सधन्यवाद बैठक समाप्त की गई।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (उमेश चौधरी)<br>वरीय लेखा पदाधिकारी | (अनोज कुमार कुमर)<br>वरीय गुण नियंत्रण पदाधिकारी | (रणजीत कुमार)<br>वित्त प्रमुख | (राजेश अग्रवाल)<br>कम्पनी सचिव | (डॉ0 राजेश शर्मा)<br>बीज उत्पादन प्रमुख |
| (रवीन्द्र कुमार वर्मा)<br>अभिसंस्करण प्रमुख | (राधा रमण)<br>बीज विपणन प्रमुख | (मुकेश कुमार अग्रवाल)<br>निदेशक प्रशासन<br>–सह–विशेष कार्य पदाधिकारी | | |

**यथा प्रस्तावित**

**(निर्मल कुमार)**
**प्रबंध निदेशक**
बिहार राज्य बीज निगम लि0

ज्ञापांक– बी0एन0 / मार्क / खरीफ / निविदा / 16 / 2025- 1915 पटना, दिनांक 4/8 / 2025

प्रतिलिपिः–
1. मे0 आर॰के॰वी॰आई॰टी सॉल्यूसन प्रा0 लि0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।
2. क्रय समिति के सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।
3. प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य बीज निगम लि0 को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

**बीज विपणन प्रमुख**
बिहार राज्य बीज निगम लि0